an>

Title: Need to set up a Mega Food Park and a Food Processing Unit in Rajgarh Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

**श्री रोड़मल नागर (राजगढ़):** मेरा संसदीय क्षेत्र राजगढ़ मध्य प्रदेश मुख्यतः कृषि प्रधान क्षेत्र है, यहां की 70 प्रतिशत आबादी कृषि कार्य पर ही आधारित है । क्षेत्र में गेहूं, चना, मक्का, प्याज, लहसन की खेती के साथ-साथ मसूर ,सोयाबीन, धनिया, संतरा, आंवला, एवं सीताफल का भी उत्पादन प्रमुखता से किया जाता है, किन्तु इनके उचित रखरखाव व संग्रहण की समुचित व्यवस्था नही होने से अधिकांश मात्रा में ये फसलें बर्बाद हो जाती हैं, जिससे किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है । राजगढ़ संसदीय क्षेत्र में मेगाफूडपार्क व प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना होने से अन्नदाता किसानों को मेहनत का पूर्ण फायदा मिलेगा, साथ ही इन उत्पादों का नुकसान होने से भी बचाया जा सकेगा । विभिन्न कृषि उत्पादों के एक ही स्थान पर उपलब्ध होने से देश-विदेश तक संरक्षित व सुरक्षित रुप से निर्यात किया जा सकता है । साथ ही साथ लोगों के मन में कृषि कार्य के प्रति एक रुझान पैदा किया जा सकेगा, जिससे कि भारत को कृषि और कृषि उत्पादों के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होगा ।

अध्यक्ष महोदय, मै आपके माध्यम से माननीय कृषि मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि व्यापक किसानहित में क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य व ग्रामीण क्षेत्र से लोगों के पलायन को रोकने के लिए राजगढ़ संसदीय क्षेत्र में मेगाफूड पार्क व फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना कर अनुगृहित करें ।

**माननीय सभापति :** कृपया आप सभी अपनी सीट पर जाइए ।

… (व्यवधान)